# हिमाचल-संस्कृत-अकादमी

( हिमाचलप्रदेशसर्वकारः )

उच्चतरशिक्षानिदेशालयपरिसरः, लालपानी, शिमला-१७१००१

दूरवाणी फैक्स संख्या: 0177-2658093

ईमेल: himsktacademy@gmail.com

पत्रसंख्या हि०सं०अ०-16/2025-26-172-74 दिनांक 05/01/2026

सेवायाम्,

उप-शिक्षा निदेशक (उच्चतर/प्रारम्भिक)
सिरमौर स्थित नाहन, हिमाचल प्रदेश।

विषय-: **"हिमाचल संस्कृत अकादमी"** द्वारा आयोज्य विद्यालयस्तरीय, संस्कृत प्रतियोगिताओं के संदर्भ में।

महोदय,

**'हिमाचल संस्कृत अकादमी'** संस्कृत की उन्नति के लिए निरन्तर प्रयत्नशील है। **इसी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 'हिमाचल संस्कृत अकादमी'**, अकादमी संविधान के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु संविधान मद सं -5 के **अनुरूप, जिला सिरमौर के सभी राजकीय/अराजकीय माध्यमिक/उच्च** तथा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों की जिला स्तर की संस्कृत प्रतियोगितिएँ **दिनांक 22 जनवरी, 2026 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय** निहालगढ़, **जिला सिरमौर** (हि.प्र.) में प्रातः 10:00 **बजे से आयोजित करने जा रही है। इस प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग** (छठीं से आठवीं कक्षा) के छात्रों की मन्त्रोच्चारण एवं संस्कृत गीतिका तथा **वरिष्ठ वर्ग (नवम से द्वादश कक्षा)** के **छात्रों की संस्कृत भाषण एवं श्लोकोच्चारण** की प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी। जिलास्तर पर प्रथम, **द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्रों** को पुरस्कार, **सम्मान प्रतीक एवं प्रमाण-पत्र** प्रदान किये जायेंगे। प्रतियोगिता की नियमावली संलग्न है।

अतः जिले के सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापकों को उपर्युक्त **प्रतियोगिता** की नियमावली से अवगत **कराएँ तथा प्रतियोगिता में भाग लेने** हेतु आदिष्ट करें। विद्यालयस्तर पर चयनित छात्रों की सूची **हिमाचल संस्कृत अकादमी** के गूगल फॉर्म https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSc पर 17 जनवरी, 2026 तक पंजीकृत करें।

**विशेष**:- प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों/अध्यापकों को अकादमी **नियमानुसार सामान्य यात्रा-भत्ता प्रदान किया जाएगा।** प्रत्येक विद्यालय से एक अध्यापक/अध्यापिका अधिकृत रूप से प्रभारी होंगे।

सधन्यवाद !

शिक्षा **निदेशक उच्चत्तर**
एवं कार्यकारी **सचिव**
हिमाचल **संस्कृत अकादमी**

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित:-

1. **शिक्षा निदेशक** (स्कूल), शिक्षा निदेशालय, हिमाचल प्रदेश, से आग्रह है कि इस पत्र को **शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड कर** कृतार्थ करें।
2. **राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक** विद्यालय निहालगढ़, जिला सिरमौर (हि.प्र.) को सूचित **किया जाता है कि उपर्युक्त** प्रतियोगिता **को सफल बनाने के** लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु आपका सहयोग नितान्त **आवश्यक है।** संस्कृत भाषा के विकास **तथा संवर्धन में** आपके सहयोग के लिए अकादमी धन्यवादी होगी।

शिक्षा निदेशक उच्चत्तर
एवं कार्यकारी सचिव
हिमाचल संस्कृत अकादमी

# हिमाचल-संस्कृत-अकादमी,

## हिमाचलसर्वकार:, उच्चतर-शिक्षानिदेशालय : शिमला

## जिला स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता जिला सिरमौर

1. संस्कृत भाषण प्रतियोगिता (कक्षा 9-12 के छात्रों के लिए एक प्रतिभागी )

   **विषय:**

   क) किं किं न साधयति कल्पलतैव विद्या।

   ख) सर्वज्ञानमयो वेद:।

   ग) भारतीयज्ञानपरम्परायां संस्कृतस्य भूमिका।

   घ) भारते लोकतन्त्रस्य भविष्यम् ।

   ङ) देवभूमि: हिमाचलम् देवभाषा संस्कृतम् ।

   च) आचारहीनं न पुनन्ति वेदा: ।

2. संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता (कक्षा 9-12 के छात्रों के लिए एक प्रतिभागी )

   प्रतिभागी को किन्हीं तीन श्लोकों का गायन करना है । तीनों श्लोक पृथक-पृथक छन्दों में हो । अनुष्टुप छन्द का प्रयोग वर्जित है ।

3. **संस्कृत गीत प्रतियोगिता** (कक्षा 6-8 के छात्रों के लिए एक प्रतिभागी )

   संस्कृत गीत प्रतियोगिता में किसी एक संस्कृत गीत का सुमधुर गायन करना होगा जिसकी अवधि 3-4 मिनट रहेगी ।

4. **मन्त्रोच्चारण प्रतियोगिता** (कक्षा 6-8 के छात्रों के लिए एक प्रतिभागी )

   इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्र को किन्हीं तीन वैदिक मन्त्रों का उच्चारण करना होगा ।

**विशेष ध्यातव्य:**

**प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र दिए जायेंगे । निर्णायक मंडल का निर्णय ही अन्तिम माना जाएगा । एक विद्यार्थी एक ही प्रतियोगिता में प्रतिभागी माना जाएगा । दो प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर अयोग्य घोषित किया जाएगा । पंजीकरण निर्धारित तिथि से पूर्व करना अनिवार्य है । विना पंजीकरण के प्रतियोगिता में प्रतिभागिता स्वीकार्य नहीं होगी । प्रतियोगिताओं में प्रदत्त नियमों का पालन करना सभी के लिए अनिवार्य रहेगा ।**

शिक्षा निदेशक उच्चत्तर
एवं कार्यकारी सचिव
हिमाचल संस्कृत अकादमी